लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 205, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 15 जून 2025

PAGE NO : 09 BOTTOM

# स्वैच्छिक रक्तदान कैंप लगाकर 72 यूनिट रक्त एकत्र किया

**बरेली, अमृत विचारः** विश्व रक्तदाता दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल साइंसेज में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, डीन यूजी डॉ. बिंदु गर्ग, कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पवन मेहरोत्रा आदि ने रक्तदान किया। वहीं, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने शुक्रवार को साईं मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान कैंप लगाया। दोनों स्थानों पर कुल 72 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सुबह रक्तदान कैंप का उद्घाटन डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने किया। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में पर्याप्त



कैंप में रक्तदान करते हुए।

यूनिट ब्लड रहे, इसके लिए समय - समय पर रक्तदान करना जरूरी है। डॉ. आकृति बैजल ने भी लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डॉ. पवन मेहरोत्रा, रविंद्र सिंह मौजूद रहे।